# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ.6(38)विविध / माराप्रौसं / 98 / 557 दिनांकः 12/08/2026

## प रि प त्र

स्वतन्त्रता दिवस 15 अगस्त, 2026 के शुभ अवसर पर प्रातः 8:50 बजे संस्थान प्रांगण में **प्रभा भवन** के मुख्य द्वार के सामने ध्वजारोहण समारोह एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं। निदेशक महोदय उक्त दिवस को निर्धारित समय पर ध्वजारोहण करेंगे। आयोजन से संबंधित कार्यक्रम संलग्न है।

अतः इस सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि इस पावन पर्व पर सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं अनुभाग प्रभारी सभी छात्रों / छात्राओं तथा अपने अधीनस्थ समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को इस राष्ट्रीय पर्व पर ऊपरवर्णित निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित रहने के लिये प्रेरित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

**संलग्नः उपरोक्तानुसार।**

**कुल सचिव (प्रभारी)**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. समस्त अधिष्ठाता / समस्त विभागाध्यक्ष / अनुभाग प्रभारी / समस्त संकाय सदस्य।
2. अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) एवं अधिष्ठाता (नियोजन एवं विकास) द्वारा संस्थान सुरक्षा प्रकोष्ठ एवं सम्पदा विभाग के समारोह हेतु— कृपया समारोह के निमित्त सभी आवश्यक व्यवस्था यथा—ध्वनि प्रसारक यन्त्र, प्लेटफार्म, ध्वज, पुष्प, डेस्क, अप्रोचेज, प्लान्ट्स एवं समारोह उपरान्त मिठाई वितरण आदि करने की कृपा करें।
3. प्रबन्धक, आईसीआईसीआई बैंक / एस.बी.आई. बैंक, सहायक डाकपाल।
4. संस्थान के समस्त सूचना पट्ट।
5. निदेशक महोदय / कुल सचिव।
6. प्रधानाध्यापक, राजकीय विद्यालय, संस्थान परिसर।
7. वेबमास्टर — संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

12/08/2026

**सहायक कुल सचिव (स्थापना—द्वितीय)**

# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

80वें स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2026)
के आयोजन समारोह का कार्यक्रम

- प्रातः 8:50 बजे सामूहिक उपस्थिति
- प्रातः 9:05 बजे वन्दें मातरम्
- प्रातः 9:09 बजे ध्वजारोहण
- प्रातः 9:11 बजे राष्ट्रगान
- प्रातः 9:12 बजे सलामी (सुरक्षा परेड)
- प्रातः 9:18 बजे माननीय निर्देशक महोदय द्वारा उद्बोधन
- प्रातः 9:33 बजे नृत्य प्रस्तुतिकरण (राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा
- प्रातः 9:38 बजे नुक्कड़ नाटक (एम.एन.आई.टी. जयपुर के विद्यार्थियों द्वारा)
- प्रातः 9:43 बजे नृत्य प्रस्तुतिकरण (एम.एन.आई.टी. जयपुर के विद्यार्थियों द्वारा)
- प्रातः 9:53 बजे रंगोली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण
- प्रातः 9:58 बजे वन्दें मातरम्
- प्रातः 10:02 बजे राष्ट्रगान

***

स्थान : संस्थान प्रांगण में प्रभा भवन का मुख्य द्वार